दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 12/05/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. सैन्य संचालन महानिदेशक, डीजीएमओ ने कहा– भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सेना और आतंकियों को भारी नुकसान पहुंचाया।

02. दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लम्बे समय तक बनाये रखने के तौर–तरीकों पर डीजीएमओ स्तर पर आज फिर होगी चर्चा।

03. एनआईए ने बिहार पुलिस के सहयोग से फरार खालिस्तानी चरमपंथी कश्मीर सिंह गलवड्डी को मोतिहारी से गिरफ्तार किया।

04. और, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बोध गया के महाबोधि मंदिर में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां भी होंगे शामिल।

————————————————————————

भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक, डीजीएमओ और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच आज दोपहर बारह बजे फिर बातचीत होगी। इस दौरान संघर्ष विराम को लंबे समय तक बनाए रखने के तौर–तरीकों पर चर्चा की जायेगी। कल शाम नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में भारत के डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इसकी जानकारी दी।

–––बाईट–––

डीजीएमओ ने बताया कि शनिवार दोपहर को पाकिस्तान के डीजीएमओ ने फोन पर बातचीत में संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा था। जिसके परिणाम स्परूप दोनों पक्षों की ओर से सीमा पार से गोलीबारी और हवाई घुसपैठ बंद हो गयी। लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने इस बात पर निराशा व्यक्त की कि सहमति के कुछ ही घंटे बाद पाकिस्तानी सेना ने फिर से गोलीबारी की और ड्रोन भेज कर इस सहमति का उल्लंघन किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के डीजीएमओ को हॉटलाइन संदेश से बताया गया है कि संघर्ष विराम का उल्लंघन होने पर उसका जवाब सख्ती से दिया जाएगा। डीजीएमओ ने जोर देकर कहा कि सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने पाकिस्तान की ओर से किसी भी उल्लंघन के मामले में जवावी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार दिये है।

डीजीएमओ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर हुए हमले में सौ से अधिक आतंकवादी मारे गए हैं। इनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे कुख्यात आतंकी शामिल हैं। वे कंदहार विमान अपहरण और पुलवामा विस्फोट में

शामिल थे। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों, उनके सहायक षडयंत्रकारियों को दंडित करने और आतंकी ढांचे को नष्ट करने के स्पष्ट सैन्य उद्देश्य के साथ शुरू किया गया था। श्री घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत सीमापार आतंकी शिविरों और प्रशिक्षण स्थलों को बारिकी से पहचान कर उनपर निशाने साधे।

हवाई संचालन महानिदेशक एयर मार्शल ए. के. भारती ने कहा कि दुश्मन के विमानों को भारतीय सीमा में प्रवेश करने से रोका गया और कुछ विमानों को निश्चित रूप से मार गिराया गया।

नौसेना संचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए एन प्रमोद ने कहा कि नौसेना उत्तरी अरब सागर में निर्णायक स्थिति में है और समुद्र तथा जमीन पर कराची सहित चुनिंदा लक्ष्यों पर हमला करने के लिए तैयार है।

——————————————————————

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने किसी भी अज्ञात सामग्री से दूर रहने का परामर्श जारी किया है क्योंकि यह खतरनाक और जानलेवा हो सकती है। प्राधिकरण ने किसी भी अज्ञात सामग्री की सूचना तुरंत स्थानीय प्रशासन को देने की सलाह दी है।

——————————————————————

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण– एनआईए ने कुख्यात खालिस्तानी चरमपंथी कश्मीर सिंह गलवड्डी को पूर्वी चम्पारण जिले के मोतिहारी से गिरफ्तार किया है। दस लाख रूपये का इनामी कश्मीर सिंह लुधियाना का रहने वाला है और वह दो हजार सोलह में पंजाब के पटियाला स्थित नाभा जेल से फरार हो गया था। एनआईए ने बिहार पुलिस के साथ साझा अभियान के तहत यह सफलता प्राप्त की है।

——————————————————————

देश भर में आज बुद्ध पूर्णिमा श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। यह दिन भगवान बुद्ध के जन्म, बोधगया में उनके ज्ञान प्राप्ति और कुशीनगर में महापरिनिर्वाण से जुड़ा है। भगवान बुद्ध का जन्म पांच सौ तिरेसठ ईसा पूर्व नेपाल के लुम्बिनी में वैशाख पूर्णिमा के दिन हुआ था। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस अवसर पर बोध गया स्थित मंदिर में विशेष पूजा–अर्चना की जा रही है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

महात्मा बुद्ध की दो हजार पांच सौ उनसठवीं जयंती पर बोधगया में आज से तीन दिवसीय महोत्सव की शुरूआत हो गयी है। विशेष पूजा–अर्चना के लिए कई देशों से पर्यटक और श्रद्धालु बोधगया पहुंचे हुये हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां भी महाबोधि मंदिर में प्रार्थना सभा में भाग लेंगे। बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महाबोधि मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। वहीं बीटीएमसी की ओर से तीन दिन के लिए निःशुल्क बस सेवा और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

——————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में प्रदेश के खिलाड़ियों का पदक जीतने का सिलसिला जारी है। कल बोधगया के आईआईएम परिसर में योगासन की रिदमिक पेयर प्रतिस्पर्धा के बालक वर्ग में बिहार सारांश कुमार और अभिषेक कुमार की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता है।

————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में तापमान बढ़ने से गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम विभाग ने आज पटना, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शेखपुरा, भागलपुर और बांका जिले में लू की चेतावनी जारी की है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना द्वारा दी गयी विस्तृत जानकारी की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. सैन्य संचालन महानिदेशक, डीजीएमओ ने कहा– भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान की सेना और आतंकियों को भारी नुकसान पहुंचाया।

02. दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम को लम्बे समय तक बनाये रखने के तौर–तरीकों पर डीजीएमओ स्तर पर आज फिर होगी चर्चा।

03. एनआईए ने बिहार पुलिस के सहयोग से फरार खालिस्तानी चरमपंथी कश्मीर सिंह गलवड्डी को मोतिहारी से गिरफ्तार किया।

04. और, बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बोध गया के महाबोधि मंदिर में हो रहा है विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां भी होंगे शामिल।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।